मेसर्स कैम्पर कोन्कास्ट लिमिटेड, मौजाः महादेवपुर फुलारी, ब्लॉक-बिहटा, जिला-पटना के द्वारा एम.एस. इंगोट उत्पादन क्षमता विस्तारः 29600 टन प्रतिवर्ष से 83200 टन प्रतिवर्ष क्षमता करने हेतु 10 टन का नया एवं पुराने 4 टन के बदले नये 10 टन और पुराना 5 टन इंडक्शन फर्नेस की स्थापना के लिए पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के तहत दिनांक-02.02.2019 को पी.डब्लू.डी. निरीक्षण बंगला, बिहटा, पटना में आयोजित लोक-सुनवाई का वृत्त।

पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अधिसूचना, 2006 के तहत राज्य स्तरीय समाघात निर्धारण प्राधिकरण, बिहार द्वारा निर्गत टी.ओ.आर. (पर्यावरण विचारों) पत्र संख्या-SIA/3(a)/532/18, दिनांक-05.09.2018 के आलोक में मो. मोइजुद्दीन, अपर समाहर्त्ता (आपदा प्रबंधन) (जिलाधिकारी, पटना द्वारा मनोनित) की अध्यक्षता में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा दिनांक-02.02.2019 को अपराह्न 12:30 बजे, पी.डब्लू.डी. निरीक्षण बंगला, बिहटा, पटना में लोक-सुनवाई आयोजित की गयी। उपस्थिति पंजी संलग्न(**अनुलग्नक-1**).

उक्त लोक-सुनवाई की सूचना पर्षद् द्वारा दैनिक समाचार पत्रों यथा टाइम्स ऑफ इंडिया, दैनिक जागरण के माध्यम से दिनांक-22.12.2018 द्वारा प्रकाशित की गयी थी। लोक-सुनवाई के दौरान श्री अशीष कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय पदाधिकारी एवं श्री एस.एन. जायसवाल, पर्षद् विश्लेषक, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्, पटना द्वारा लोक-सुनवाई में उपस्थित जन-समुदाय एवं सभी संबंधित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के तहत इकाईयों के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक-सुनवाई की पृष्ठ-भूमि पर प्रकाश डाला।

लोक-सुनवाई कार्यक्रम के अध्यक्ष मो. मोइजुद्दीन, अपर समाहर्त्ता (आपदा प्रबंधन), पटना के अनुमति से परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार डॉ. एस. प्रसाद ने इकाई के उत्पादन प्रक्रिया, प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था एवं सोसल कॉरपोरट रेस्पॉन्सिबिलिटी आदि के संबंध में आम-जनों को विस्तृत रूप से अवगत कराया। इनके द्वारा सूचित किया गया कि इकाई के पास 0.87 हेक्टेयर (2.1597 एकड़) भूमि उपलब्ध है। मेसर्स कैम्पर कॉनकास्ट लिमिटेड के द्वारा वर्तमान में स्थापित 5 टन एवं 4 टन क्षमता के इंडक्शन फर्नेस द्वारा 29600 टन प्रतिवर्ष एम.एस. इंगोट के उत्पादन क्षमता का विस्तार करने की योजना है। इसके अन्तर्गत 4 टन क्षमता के स्थापित

इंडक्शन फर्नेस की जगह 10 टन क्षमता का एक नया इंडक्शन फर्नेस तथा एक और अतिरिक्त 10 टन क्षमता का इंडक्शन फर्नेस लगायी जायेगी। विस्तार के पश्चात् एम.एस. इंगोट की कुल उत्पादन क्षमता 83200 टन प्रतिवर्ष होगी। इसके लिए अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण तथा विस्थापन की कोई समस्या नहीं है। प्रस्तावित परियोजना के लिए कच्चे माल की पूर्ति निकटवर्ती क्षेत्र के स्पॉन्ज आयरन परियोजना के द्वारा की जायेगी। प्रस्तावित परियोजना के लिए 35 किलोलीटर प्रतिदिन जल की आवश्यकता होगी। इस इकाई से जल प्रदूषण की कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी। इकाई में औद्योगिक कार्य हेतु कुलिंग मद में जल का उपयोग किया जायेगा तथा इसे बंद परिपथ में रखा जायेगा। इंडक्शन फर्नेस में वायु प्रदूषण के नियंत्रण हेतु ''फ्यूम एक्सट्रेक्टर'' एवं ''वेट स्क्रबर'' स्थापित किया जायेगा। फर्नेस से जुड़ने वाली चिमनी की ऊँचाई 30 मीटर रखी जायेगी। परियोजना परिसर के 33 प्रतिशत क्षेत्र 0.29 हेक्टेयर (2900 वर्गमीटर) को हरित पट्टी के रूप में विकसित किये जाने का भी प्रस्ताव है। वर्षा संचयन योजना भी प्रस्तावित है। कॉर्पोरेट पर्यावरणीय उत्तरदायित्व के तहत परियोजना लागत का 2.5 प्रतिशत राशि क्षेत्र के विकास एवं लाभकारी योजना में व्यय किया जायेगा। पयिोजना प्रस्तुतीकरण के पश्चात् उपस्थित महानुभावों द्वारा दिये गये सुझाव/मंतव्य इस प्रकार हैं:-

1. **प्रश्नः** श्री नागेन्द्र सिंह, पिता-स्व. सज्जन सिंह, ग्राम-रायपुर, बिहटा, जिला-पटना द्वारा पूछा गया कि प्रस्तावित विस्तार परियोजना से रोजगार के संदर्भ में स्थानीय लोगों को क्या लाभ होगा?

   उत्तरः इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार डॉ. एस. प्रसाद ने बताया कि प्रबंधन द्वारा योग्यता और अनुभव के अनुसार स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जायेगा।

2. **प्रश्नः** श्री अरूण कुमार वर्मा, पिता-श्री विश्वनाथ वर्मा, ग्राम-सोहरा, बिहटा, जिला-पटना द्वारा पूछा गया कि प्रस्तावित विस्तार परियोजना से होने वाला ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए क्या उपाय किये जायेंगे?

   उत्तरः इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार ने बताया कि फर्नेस में कच्चे माल की चार्जिंग के दौरान ध्वनि प्रदूषण की संभावना है, इसको नियंत्रित करने के लिए वृक्षारोपण कराया जायेगा। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार सभी उपकरण शोर विनियमन मानक को पूरा करेंगे। डी.जी. सेट (एकॉस्टिक इंक्लोजर के साथ) केवल

आपातकालीन उद्देश्य के लिए स्थापित किया जायेगा। इंडक्शन फर्नेस को केवल बिजली पर चलाया जायेगा। इकाई के अंदर वृक्षारोपण कराया जायेगा, जिससे ध्वनि प्रदूषण कम होगा।

3. प्रश्न: श्री उदय शंकर, पिता-स्व. सत्यदेव सिंह, ग्राम-पैनाल, बिहटा, जिला-पटना द्वारा पूछा गया कि इकाई में कच्चे माल एवं तैयार माल के लोडिंग और अनलोडिंग के समय उत्पन्न होने वाला धूल-कण कैसे नियंत्रित की जायेगी?

उत्तर: इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार ने बताया कि लोडिंग और अनलोडिंग के समय उत्पन्न होने वाला धूल-कण को नियंत्रित करने के लिए इकाई के अंदर पक्की सड़क का निर्माण किया जायेगा। समय-समय पर पानी का छिड़काव भी नियमित रूप से किया जायेगा।

4. श्री राजबिहारी, पिता-श्री रामनमन राय, ग्राम-रायडीह, महादेवपुर फुलारी, बिहटा, जिला-पटना द्वारा प्रस्तावित विस्तार परियोजना का समर्थन किया है।

अध्यक्ष द्वारा लोक-सुनवाई के पश्चात् जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इकाई के क्षमता विस्तार के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुशंसा की गयी तथा लोक-सुनवाई की समाप्ति की घोषणा की गयी।

आ.कु. 7-2-19	7/2/19	7/2/2019
(आशीष कुमार गुप्ता)	(एस.एन. जायसवाल)	(मो. मोइजुद्दीन)
क्षेत्रीय पदाधिकारी	पर्षद् विश्लेषक	अपर समाहर्त्ता(आपदा प्रबंधन)
बि.रा.प्र.नि.पर्षद्, पटना	बि.रा.प्र.नि.पर्षद्, पटना	पटना

उपस्थिति सूची

मे० कैम्पर कॉनकास्ट लि० द्वारा 10 टन का एक नया इंडक्शन फर्नेश, कंटिनियुअस कांस्टिंग मशीन (सी.सी.एम.) तथा 4 टन का पुराना इंडक्शन फर्नेश के जगह 10 टन का नया इंडक्शन फर्नेश स्थापित करने हेतु प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु पी.डब्लू. डी. निरीक्षण बंगला, बिहटा, जिला-पटना में आयोजित लोक सुनवाई दिनांक 02.02.2019 के दौरान उपस्थित महानुभावों की सूची:

क्र० सं०	नाम	पता	हस्ताक्षर
1.	मो० मोइज-उद्दीन अपर समाहर्ता, पटना	अपर समाहर्ता पटना (आपदा प्रबंधन)	[illegible] 2/2/2019
2.	एस० एन० जायसवाल	पर्यावरण विश्लेषक बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद पटना	[illegible]
3.	आशीष कुमार गुप्ता	क्षेत्रीय पदाधिकारी, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, पटना	आ.गु. 2-2-19
4.	सैन कुमार	स० पर्या० अभि० बि० रा० प्र० नि० पर्षद पटना	[illegible] 2.2.19
5.	डा० एस प्रसाद पर्यावरणीय सलाहकार	पटना	[illegible]
6.	Rajesh Kumar Goyal Director	Kamper Concast Ltd Bihta	[illegible]
7.	नवीन कुमार	पितांबर नगर (बिहटा)	नवीन कुमार
8.	जगत प्रसाद	बिहटा	जगत प्र०
9.	अरुण कुमार	सोहरा (बिहटा)	Arun Kumar
10.	रामविनय कुमार	(बिहटा)	Ramvinay Kumar
11.	शैलेन्द्र कुमार	सोहरा बिहटा	शैलेन्द्र कुमार
12.	उदय शंकर	पैनाल बिहटा	उदय शंकर
13.	सौरभ कुमार	कोरहर	सौरभ कु०
14.	सुधीर कुमार	पितांबर नगर	सुधीर कुमार

15.	कमल देव सिंह	महादेवपुर	Kamal
16.	इसमाईल आलम	विकास नगर (बिहटा)	Ismail [illegible]
17.	हृदयानन्द महतो	बिहटा	हृदयानन्द महतो
18.	नितेश कुमार	श्री रामपुर	नितेश कुमार
19.	रंजीत कुमार	महादेवपुर ~~[illegible]~~ श्रीरामपुर	रंजीत कु०
20.	संतोष कुमार	पैनाल (बिहटा)	संतोष कुमार
21.	उपेन्द्र कुमार भगत	विशम्भर पुर	उपेन्द्र कुमार
22.	जितेन्द्र तिवारी	पड़ौली	जितेन्द्र तिवारी
23.	राम्राधेश्याम साव	गुलमली चक	राम्राधेश्याम साव
24.	रविन्द्र साव	आनंदपुर	रविन्द्र साव
25.	बिजय कुमार	मुस्तफापुर	बिजय कुमार
26.	राजू सिंह	विकासनगर	राजू सिंह
27.	बबलू सिंह	गंगा चक	बबलू सिंह
28.	शिवनाथ साह	बीहटा	शिवनाथ साह
29.	बालदेव साह	बीहटा	बालदेव साह
30.	सोनू सिंह	महद्दीचक	सोनू सिंह
31.	देवकुमार	श्रीरामपुर	देवकुमार
32.	धोढू माहव	श्रीरामपुर	धोढू माहव
33.	उमेश कुमार	श्रीरामपुर	Umesh Kumar
34.	रामजी महतो	बिहटा	रामजी महतो

35.	सुरेन्द्र प्रसाद	बेला	सुरेन्द्र प्रसाद
36.	शिवकुमार	शाहपुर	शिवकुमार
37.	सुरेश पासवान	सैदैयाँ	सुरेश पासवान
38.	संजय प्रसाद	गौरा	संजय प्रसाद
39.	pappu	GAURA	pappu
40.	Krishnan [illegible]	SARAIR	[illegible]
41.	वकील यादव	बेला	वकील यादव
42.	कमलेश यादव	सलेमपुर	कमलेश यादव
43.	टुनटुन यादव	बेला	टुनटुन यादव
44.	भोला पंडीत	कातर	भोला पंडीत
45.	गोपाल जी	सलेमपुर	गोपाल जी
46.	प्रशांत कुमार	पैनाठी	प्रशान्त कुमार
47.	अशोक तिवारी	बौरी	अशोक ति
48.	मोरवतार साहू	रसौली	मोरवतार साहू
49.	Niraj Kumar	Samastipur	Niraj
50.	Pawan kumar	Samastipur	पवन दारा
51.			
52.	Kamlesh [illegible]	Bakhan Kapapa	Kamlesh [illegible]
53.	मुन्नासिंह	बिसही	मुन्नासिंह
54.	Brijendra [illegible]	Vishwambharpur	[illegible]

55.	अशोक यादव	बेका	अशोक यादव
56.	राजेश्वर यादव	पकरी	राजेश्वर यादव
57.	उमेश साहब	सिमरी	उमेश साहब
58.	नारायण चौबे	बिहियाँ	[illegible]
59.	कौशल तिवारी	विश्वम्भरपुर	[illegible]
60.	राजनाथ तिवारी	पडौली	राजनाथ तिवारी
61.	मुन्ना राय	नारायणपुर	मुन्ना राय
62.	नागेन्द्र राय	श्रीरामपुर	नागेन्द्र राय
63.	शम्भू कुमार	कुंजवाँ	[illegible]
64.	ललन पंडित	बड़पुरा	ललन पंडित
65.	रजेश्वर सिंह	देवकली	रजेश्वर सिंह
66.	विजेन्द्र ठाकुर	सिसो बिगाहा	विजेन्द्र
67.	भोला कुमार	देवकुली	भोला कुमार
68.	अजय कुमार	देवकुली	अजय कुमार
69.	सुभाष कुमार	पैनाठी	सुभाष
70.	मुकेश सिंह	पनपा	[illegible]
71.	ओंकार वर्मा	परना	Verma
72.	Maheshwar Singh	Bihta	[illegible]
73.	Dev Pri	Mamer	Dev Pri
74.	किशन [illegible]	बिदर,	[illegible]